प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी

चर्चा में क्यों?

5 अक्टूबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ में आज़ादी के तीनदिवसीय अमृत महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राज्य के 75 ज़िलों में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के 75,000 लाभार्थियों को डिजिटल माध्यम से चाबियाँ सौंपी।

प्रमुख बिंदु

- इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने प्रदेश के 10 स्मार्ट शहरों की 75 सफल परियोजनाओं की कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया तथा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी चेयर का डिजिटल उद्घाटन किया।
- इससे पहले, प्रधानमंत्री ने न्यू अर्बन कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया और न्यू अर्बन इंडिया की थीम पर प्रदर्शित 75 हाउसिंग टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।
- उन्होंने राज्य के सात शहरों के लिये 75 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 4,737 करोड़ रुपए की लागत वाली 75 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने 1,537.02 करोड़ रुपए की 15 विकास परियोजनाओं तथा प्रधानमंत्री अमृत मिशन के तहत 502.24 करोड़ रुपए की 17 पेयजल परियोजनाओं को लोगों को समर्पित किया और 1,256.22 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 30 विकास परियोजनाओं एवं 1,441.70 करोड़ रुपए की 13 परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pradhan-mantri-awas-yojana-urban